**44.** निम्नलिखित में से कौन-कौन किसी सेमिनार की विशेषताएँ हैं?

(a) यह एक अकादमिक अनुदेशन का प्रकार है।

(b) इसमें प्रश्न करना, चर्चा एवं वाद-विवाद शामिल हैं।

(c) इसमें व्यक्तियों के बड़े समूह शामिल होते हैं।

(d) इसमें कौशलयुक्त व्यक्तियों की संलिप्तता की आवश्यकता होती है।

नीचे दिए गए कूट से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (b) और (d) (2) (b), (c) और (d)

(3) (a), (b) और (d) (4) (b) और (c)

**45.** निम्नलिखित में से कौन-कौन से गुण किसी शिक्षक की बड़ी ताकत को प्रदर्शित करते हैं?

(a) संस्थागत प्रबंधन में पूर्णकालिक सक्रिय संलिप्तता

(b) उदाहरण प्रस्तुत करना

(c) अवधारणाओं के परीक्षण के लिए तत्पर रहना

(d) गलतियों को स्वीकार करना

नीचे दिए गए कूट से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(1) (b), (c) और (d) (2) (a), (c) और (d)

(3) (a), (b), (c) और (d) (4) (a), (b) और (d)

**46.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सहभागी अनुसंधान के संदर्भ में सही **नहीं** है?

(1) यह लोगों को विशेषज्ञ मानने पर जोर देता है।

(2) यह जांच की एक सामूहिक प्रक्रिया है।

(3) इसका एकमात्र उद्देश्य ज्ञान का उत्पादन है।

(4) यह ज्ञान को शक्ति के रूप में पहचानता है।

**47.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन किसी परिकल्पना के परीक्षण के संदर्भ में **सही** है?

(1) यह केवल नल परिकल्पना है, जिसका परीक्षण किया जा सकता है।

(2) वैकल्पिक एवं नल दोनों परिकल्पनाओं का परीक्षण किया जा सकता है।

(3) वैकल्पिक एवं नल दोनों परिकल्पनाओं का परीक्षण नहीं किया जा सकता है।

(4) यह केवल वैकल्पिक परिकल्पना है, जिसका परीक्षण किया जा सकता है।

**48.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन बहु-विकल्प प्रकार के प्रश्नों के संदर्भ में **सही** है?

(1) वे निबंध वाले प्रश्नों की तुलना में कम वस्तुनिष्ठ होते हैं।

(2) वे लघु-उत्तर वाले प्रश्नों की तुलना में अधिक व्यक्तिनिष्ठ होते हैं।

(3) वे सही-गलत वाले प्रश्नों की तुलना में अधिक व्यक्तिनिष्ठ होते हैं।

(4) वे सही-गलत वाले प्रश्नों की तुलना में अधिक वस्तुनिष्ठ होते हैं।



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

